अमर उजाला

बरेली ■ रविवार, 23 अक्तूबर 2022 कार्तिक कृष्ण-त्रयोदशी ■ विक्रम संवत-2079

PAGE NO, 08, MIDDLE

28 से होगी स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। 69वीं स्टेट यूपी स्टेट टेबल टेनिस प्रतियोगिता एसआरएमएस कॉलेज में 28 से 30 अक्तूबर तक होगी। उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन व डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट की ओर से आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ चेयरमैन देव मूर्ति करेंगे। एसआरएमएस रिद्धिमा में डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन के सचिव दीपेंद्र कमथान ने बताया कि प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर, यूथ, कैडिट समेत कुल 12 वर्गों में आयोजित की जाएगी। इसमें 25 जिलों से तकरीबन 325 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। सभी मुकाबलों के चीफ रेफरी इंटरनेशनल रैफरी अमित सिंह रहेंगे। आकाश यादव डिप्टी रेफरी होंगे। प्रतियोगिता में मेरठ से आई हुई खेल सामग्री का उपयोग किया जाएगा। फाइनल मुकाबला 30 अक्तूबर को दोपहर 1:30 बजे से खेला जाएगा। उसी दिन विजेताओं को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

यूपी स्टेट टेबल टेनिस प्रतियोगिता की जानकारी देते आयोजक। *संवाद*

बिजली बचाओ विषय पर होगी पेंटिंग प्रतियोगिता

बरेली। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से परिषदीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को बिजली संरक्षण के लिए जागरूक किया जाएगा। इसके लिए विद्यार्थियों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता कराई जाएगी। बीएसए विनय कुमार ने बताया कि विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। ब्यूरो